सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-पाँचवीं | विषय: हिंदी | पाठ:४ खेल दिवस

कठिन शब्द

१-स्टेडियम

२-विद्यालय

३-अध्यापिका

४-प्रतिभागियों

५-उत्साह

६-सहपाठी

७-प्रथम

८-सर्वश्रेष्ठ

९-खिलाड़ी

१०-मोबाइल

११-कंप्यूटर

१२-ज़िम्मेदार

१३-आश्चर्यचकित

१४-उपहार स्वरूप

१५-इंटरनेट

१६-स्वास्थ्य

१७-बीमारियों

१८-परस्पर

१९-आत्मविश्वास

२०-तालियाँ

लघूत्तरीय प्रश्न

उ०१-अध्यापिका ने यह घोषणा की कि अगले दिन भिन्न-भिन्न खेलों में भाग लेने के लिए बच्चों का चुनाव किया जाएगा।

उ०२-राधिका का अधिक समय कंप्यूटर पर बीतता था।

उ०३-कुश ने यह कहा कि वे सब खेल खेलेंगे ,टी०वी०, मोबाइल या कंप्यूटर पर नहीं अपितु खेल के मैदान में, उसके यह कहने पर सभी बच्चों ने तालियाँ बजाईं।

उ०४-स्वास्थ्य हमें खेलों से प्राप्त होता है, खेल-खेलकर हम स्वस्थ तथा फ़ुर्तीले रहते हैं।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उ०१-अध्यापिका के पूछने पर ललित ने अपने रोने का यह कारण बताया कि वह अपने हार पर बहुत दुखी है । उसने अपने जन्मदिन पर माँ द्वारा दिए गए मोबाइल पर पढ़ाई संबंधी खोज करने के बजाय वीडियो देखना व खेल खेलना शुरू कर दिया था ,अभ्यास न करने के कारण वह हार गया।

उ०२-ललित ने राधिका को अपनी उदासी की यह वजह बताई कि पिछले साल तक वह निःसंदेह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी था। वह दौड़ने का खूब अभ्यास करता था पर जब से उसे मोबाइल पर वीडियो देखने और खेल खेलने की बुरी आदत लगी है तब से उसने अभ्यास करना छोड़ दिया है।

उ०३-टी०वी० और मोबाइल पर खेल खेलने से आँखों की बीमारियाँ हो जाती हैं । सिर में दर्द रहने लगता है। मोटापा बढ़ जाता है और हर समय सुस्ती छाई रहती है।

उ०४-खेलकूद के माध्यम से बच्चों में उत्साह , परस्पर सहयोग , खेल भावना आदि गुण विकसित होते हैं। हार को भी जीत समझने की भावना विकसित होती है।

रिक्त स्थान

१-ताऊ देवी लाल स्टेडियम में विद्यालय के खेल दिवस का आयोजन होने वाला है।

२-ललित सातवीं कक्षा का विद्यार्थी था।

३-पिछले साल तक मैं दौड़ने का खूब अभ्यास किया करता था।

४-अगले दिन अध्यापिका ने विद्यार्थियों को चयन के लिए बुलाया।

५-राधिका भी रस्सी कूद प्रतियोगिता में नहीं चुनी गई थी।

वाक्य प्रयोग

१-प्रतिभागी-(प्रतियोगिता में भाग लेने वाला)

सभी प्रतिभागी निश्चित समय पर मैदान में पहुँच गए।

२-सहपाठी-(साथ में पढ़ने वाला)

विकास मेरा सहपाठी है।

३-सर्वश्रेष्ठ-(सबसे अच्छा)

नाना पाटेकर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता हैं।

४-उपहार स्वरूप-(भेंट के रूप में)

माँ ने मुझे उपहार स्वरूप एक पुस्तक दी।

५-आत्मविश्वास-(अपने ऊपर विश्वास)

कठिन परिस्थितियों में भी आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए।